**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE**
**DEPARTMENT OF HEALTH AND FAMILY WELFARE**

**LOK SABHA**
**UNSTARRED QUESTION NO.4106**
**TO BE ANSWERED ON 24.03.2023**

# AFFORDABLE MEDICAL TREATMENT

**4106. SHRI VIJAYAKUMAR ALIAS VIJAY VASANTH:**

Will the Minister of HEALTH & FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether the Government has conducted any survey to make medical treatment affordable to all;
(b) if so, the details thereof along with the steps taken/proposed to be taken by the Government in this regard;
(c) the details of fund allocated in this regard, State/UT-wise;
(d) whether the Government has plans to set up fully equipped critical care center's in small towns and villages across the country; and
(e) if so, the details thereof along with the funds allocated for such project?

**ANSWER**
**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE**
**(DR. BHARATI PRAVIN PAWAR)**

(a) and (b): The National Health Policy formulated in 2017 envisages to provide universal access to good quality healthcare services through increasing access, increasing affordability by lowering the cost of healthcare delivery and equity.

Under National Health Mission, a centrally sponsored scheme, which encompasses the National Rural Health Mission (NRHM) and the National Urban Health Mission (NUHM) as its two Sub-Missions. The Government has taken several initiatives towards universal health coverage, by supporting the State Governments in providing accessible, affordable and quality healthcare services that are accountable and responsive to people's needs.

The Government has launched four mission mode projects, namely PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission (PM-ABHIM), Ayushman Bharat Health & Wellness Centres (ABHWCs), Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (PMJAY) and Ayushman Bharat Digital Mission (ABDM).

PM-ABHIM was launched as a mission to develop the capacities of primary, secondary, and tertiary health care systems, strengthen existing national institutions, and create new institutions, to cater to detection and cure of new and emerging diseases. PM-ABHIM is a Centrally Sponsored Scheme with some Central Sector Components, for implementation of the Atmanirbhar Bharat Package for health sector with an outlay of Rs 64,180 crore.

https://www.govtstaff.com

Under Ayushman Bharat Health & Wellness Centres(HWCs), Comprehensive Primary healthcare by strengthening Sub Health Centres (SHCs) and Primary Health Centres (PHCs) are facilitated. The HWCs are to provide preventive, promotive, rehabilitative and curative care for an expanded range of services encompassing Reproductive and child care services, Communicable diseases, Non-communicable diseases and all health issues.

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (PMJAY) is the largest publicly funded health protection scheme in the world which provides health cover of Rs.5 lakh per family per year for secondary and tertiary care hospitalization to 60 crore beneficiaries.

Ayushman Bharat Digital Mission (ABDM) has been announced on 27th September, 2021 with aim to develop the backbone necessary to support the integrated digital health infrastructure of the country.

The Tele Mental Health Assistance and Networking Across States (Tele-MANAS) was launched on 10.10.2022 with the aim to provide free tele-mental health services all over the country round the clock, particularly to under-served areas and people remotely located. The programme includes a network of 23 tele-mental health centres of excellence, with NIMHANS as the nodal centre and International Institute of Information Technology-Bangalore (IIITB) providing technology support.

Besides, quality generic medicines are made available at affordable prices to all under Pradhan Mantri Bhartiya Janaushadhi Pariyojana (PMBJP) in collaboration with the State Governments. Affordable Medicines and Reliable Implants for Treatment (AMRIT) Pharmacy stores have been set up in some hospitals/institutions.

(c) Under the National Health Mission (NHM), financial and technical support is provided to the States/UTs for strengthening the healthcare systems, based on the proposals received from the States/UTs in their Annual Programme Implementation Plan (PIP) and subject to the Resource Envelope (RE). State/UT wise details of funds released under National Health Mission (NHM) from FY 2019-20 to 2021-22 is given at **Annexure-I**.

(d) and (e) Under PM- Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission (PM-ABHIM), Government of India is supporting establishment of Critical Care Hospital Blocks in State Government Medical Colleges/ District Hospitals and in 12 Central Institutions covering 602 districts of the country having population of more than 5 lakhs, to provide assured, affordable, and quality critical care services nearer to the community. Under PM-ABHIM, the critical care hospitals have an outlay of Rs 19064.80 Crores, where Central Share is Rs 11952.43 Crores and State Share is Rs 7112.37 Crores.

****

https://www.govtstaff.com

**Annexure-I**

| State/UT wise Central Release under National Health Mission (NHM) for F.Y. 2019-20 to 2021-22 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | ( Rs. in crore) |
| **Sl. No.** | **State/UT** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** |
| 1 | Andaman & Nicobar Islands | 34.92 | 36.91 | 43.68 |
| 2 | Andhra Pradesh | 1,111.07 | 1,097.81 | 1,199.37 |
| 3 | Arunachal Pradesh | 185.95 | 243.04 | 188.53 |
| 4 | Assam | 1,749.24 | 1,807.48 | 1,955.93 |
| 5 | Bihar | 1,510.68 | 1814.63 | 1,748.76 |
| 6 | Chandigarh | 22.77 | 22.21 | 17.47 |
| 7 | Chhattisgarh | 816.07 | 979.41 | 969.61 |
| 8 | Dadra & Nagar Haveli & Daman & Diu | 42.12 | 36.39 | 38.59 |
| 9 | Delhi | 138.74 | 125.73 | 127.37 |
| 10 | Goa | 35.47 | 34.81 | 26.01 |
| 11 | Gujarat | 1,110.80 | 1005.66 | 1,094.48 |
| 12 | Haryana | 567.71 | 531.50 | 577.07 |
| 13 | Himachal Pradesh | 504.84 | 441.94 | 555.09 |
| 14 | Jammu & Kashmir | 702.20 | 667.46 | 459.10 |
| 15 | Jharkhand | 830.63 | 602.80 | 640.18 |
| 16 | Karnataka | 1,173.77 | 1,232.19 | 1,274.71 |
| 17 | Kerala | 836.14 | 788.22 | 771.47 |
| 18 | Lakshadweep | 6.16 | 7.11 | 8.41 |
| 19 | Madhya Pradesh | 1,728.73 | 2,377.14 | 2,295.66 |
| 20 | Maharashtra | 1,724.99 | 1,833.59 | 1,769.67 |
| 21 | Manipur | 185.65 | 189.49 | 95.59 |
| 22 | Meghalaya | 141.17 | 202.63 | 282.46 |
| 23 | Mizoram | 127.24 | 143.73 | 93.82 |
| 24 | Nagaland | 123.23 | 188.21 | 126.66 |
| 25 | Odisha | 1,475.14 | 1,617.63 | 1,263.07 |
| 26 | Puducherry | 31.56 | 25.55 | 21.33 |
| 27 | Punjab | 712.02 | 568.14 | 349.21 |
| 28 | Rajasthan | 1,781.83 | 2,000.58 | 1,924.95 |
| 29 | Sikkim | 53.55 | 70.13 | 51.86 |
| 30 | Tamil Nadu | 1,424.22 | 1,522.71 | 1,631.91 |
| 31 | Tripura | 239.47 | 225.91 | 217.95 |
| 32 | Uttar Pradesh | 4,749.05 | 3,772.95 | 3,235.46 |
| 33 | Uttarakhand | 348.83 | 583.25 | 553.47 |
| 34 | West Bengal | 1,749.32 | 1,895.01 | 1,654.26 |
| 35 | Telangana | 964.34 | 671.88 | 725.67 |
| 36 | Ladakh | - | 91.89 | 44.79 |

Note:
1. The above releases relate to Central Govt. Grants & do not include State share contribution.
2. After the Reorganisation of the State of Jammu and Kashmir (J&K) into the Union Territory of J&K and Union territory of Ladakh, NHM funds to the UT of Ladakh were disbursed for the first time during 2020-21

https://www.govtstaff.com

**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4106**
**24 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**सस्ता चिकित्सा उपचार**

**4106. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने चिकित्सा उपचार को सभी के लिए सस्ता बनाने के लिए कोई सर्वेक्षण कराया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है;
(ग) इस संबंध में आवंटित निधि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार की देश भर के छोटे शहरों और गांवों में पूरी तरह से सुसज्जित क्रिटिकल केयर सेंटर स्थापित करने की योजना है; और
(ड) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी परियोजना के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) और (ख) राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में तैयार की गई जिसमें स्वास्थ्य परिचर्या प्रदानगी की लागत को कम करके पहुंच बढ़ाने, वहनीयता में वृद्धि करके अच्छी गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं तक सार्वभौमिक और समान पहुंच प्रदान करने की परिकल्पना की गई है।

केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) और राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) इसके दो उप-मिशन शामिल हैं। सरकार ने लोगों की जरूरतों के प्रति जवाबदेह और उत्तरदायी सुलभ, वहनीय और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं प्रदान करने में राज्य सरकारों की सहायता करके सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में कई पहल की हैं।

सरकार ने चार मिशन मोड परियोजनाएं शुरू की हैं अर्थात् पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम), आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र (एबीएचडब्ल्यूसी), प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम)।

पीएम-एबीएचआईएम को प्राथमिक, माध्यमिक और विशिष्ट स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की क्षमताओं को विकसित करने, मौजूदा राष्ट्रीय संस्थानों को मजबूत करने और नए संस्थानों का निर्माण करने के लिए एक मिशन के रूप में शुरू किया गया था।

https://www.govtstaff.com

पीएम-एबीएचआईएम नई और उभरती बीमारियों का पता लगाने और उनका इलाज करने के लिए 64,180 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज के कार्यान्वयन के लिए कुछ केंद्रीय क्षेत्र के घटकों के साथ एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है।

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) के तहत, उप स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को मजबूत करके व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्रदान की जाती है। एचडब्ल्यूसी प्रजनन और बाल देखरेख सेवाओं, संचारी रोगों, गैर-संचारी रोगों और सभी स्वास्थ्य मुद्दों को शामिल करते हुए सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए निवारक, प्रोत्साहक, स्वास्थ्य लाभ और उपचारात्मक देखभाल प्रदान करते हैं।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई), विश्व में सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्तपोषित स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है, जो 60 करोड़ लाभार्थियों को मध्यम और विशिष्ट परिचर्या के लिए अस्पताल भर्ती पर प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करती है।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की घोषणा 27 सितंबर, 2021 को देश के एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का सहयोग करने के लिए आवश्यक आधार विकसित करने के उद्देश्य से की गई है।

टेली मानसिक स्वास्थ्य सहायता और राज्यों के बीच नेटवर्किंग (टेली-मानस) 10.10.2022 को शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य पूरे देश में, विशेष रूप से अल्पसेवित क्षेत्रों और दूरस्थ स्थित लोगों को चौबीसों घंटे मुफ्त टेली-मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में उत्कृष्टता के 23 टेली-मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों का एक नेटवर्क शामिल है, जिसमें निमहांस नोडल केंद्र है और अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान-बैंगलोर (आईआईआईटीबी) प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करता है।

इसके अलावा, राज्य सरकारों के सहयोग से प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत सभी को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराई जाती हैं। कुछ अस्पतालों/संस्थानों में किफायती दवाएं और उपचार के लिए विश्वसनीय प्रत्यारोपण (अमृत) फार्मेसी स्टोर स्थापित किए गए हैं।

(ग) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत, स्वास्थ्य परिचर्या प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रदान की गई जानकारी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से उनकी वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर उपलब्ध राशि और संसाधन क्षमता (आरई) के अधीन वित्तीय और तकनीकी सहायता दी जाती है। वित्त वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत जारी की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा **अनुलग्नक-1** में दिया गया है।

(घ) और (ङ): प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के अंतर्गत भारत सरकार समुदाय के निकट सुनिश्चित, वहनीय और गुणवत्तापूर्ण गंभीर परिचर्या सेवाएं प्रदान करने के लिए 5 लाख से अधिक जनसंख्या वाले देश के 602 जिलों को कवर करते हुए राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेजों/जिला अस्पतालों और 12 केन्द्रीय संस्थानों में क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉकों की स्थापना में सहायता कर रही है। पीएम-एबीएचआईएम के अंतर्गत क्रिटिकल केयर अस्पतालों का परिव्यय 19064.80 करोड़ रुपए है, जिसमें केन्द्रीय हिस्सा 11952.43 करोड़ रुपए और राज्य का हिस्सा 7112.37 करोड़ रुपए है।

https://www.govtstaff.com

**अनुलग्नक-I**

| वित्त वर्ष 2019-20 से 2021-22 के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार केंद्रीय निर्गत राशि | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | (करोड़ रुपए में) |
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 34.92 | 36.91 | 43.68 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,111.07 | 1,097.81 | 1,199.37 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 185.95 | 243.04 | 188.53 |
| 4 | असम | 1,749.24 | 1,807.48 | 1,955.93 |
| 5 | बिहार | 1,510.68 | 1814.63 | 1,748.76 |
| 6 | चंडीगढ़ | 22.77 | 22.21 | 17.47 |
| 7 | छत्तीसगढ | 816.07 | 979.41 | 969.61 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 42.12 | 36.39 | 38.59 |
| 9 | दिल्ली | 138.74 | 125.73 | 127.37 |
| 10 | गोवा | 35.47 | 34.81 | 26.01 |
| 11 | गुजरात | 1,110.80 | 1005.66 | 1,094.48 |
| 12 | हरियाणा | 567.71 | 531.50 | 577.07 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 504.84 | 441.94 | 555.09 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 702.20 | 667.46 | 459.10 |
| 15 | झारखंड | 830.63 | 602.80 | 640.18 |
| 16 | कर्नाटक | 1,173.77 | 1,232.19 | 1,274.71 |
| 17 | केरल | 836.14 | 788.22 | 771.47 |
| 18 | लक्षद्वीप | 6.16 | 7.11 | 8.41 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 1,728.73 | 2,377.14 | 2,295.66 |
| 20 | महाराष्ट्र | 1,724.99 | 1,833.59 | 1,769.67 |
| 21 | मणिपुर | 185.65 | 189.49 | 95.59 |
| 22 | मेघालय | 141.17 | 202.63 | 282.46 |
| 23 | मिजोरम | 127.24 | 143.73 | 93.82 |
| 24 | नगालैंड | 123.23 | 188.21 | 126.66 |
| 25 | ओडिशा | 1,475.14 | 1,617.63 | 1,263.07 |
| 26 | पुदुचेरी | 31.56 | 25.55 | 21.33 |
| 27 | पंजाब | 712.02 | 568.14 | 349.21 |
| 28 | राजस्थान | 1,781.83 | 2,000.58 | 1,924.95 |
| 29 | सिक्किम | 53.55 | 70.13 | 51.86 |
| 30 | तमिलनाडु | 1,424.22 | 1,522.71 | 1,631.91 |
| 31 | त्रिपुरा | 239.47 | 225.91 | 217.95 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 4,749.05 | 3,772.95 | 3,235.46 |
| 33 | उत्तराखंड | 348.83 | 583.25 | 553.47 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 1,749.32 | 1,895.01 | 1,654.26 |
| 35 | तेलंगाना | 964.34 | 671.88 | 725.67 |
| 36 | लद्दाख | - | 91.89 | 44.79 |

टिप्पणी:

1. उपर्युक्त जारी राशि केंद्र सरकार से संबंधित हैं और इसमें राज्य का अंशदान शामिल नहीं है।

2. जम्मू-कश्मीर राज्य के जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में पुनर्गठन के बाद, 2020-21 के दौरान पहली बार संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख को एनएचएम फंड वितरित किए गए।

https://www.govtstaff.com